दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास



## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण कराने दिए गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

### » अपराध एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पर की गई समीक्षा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा आज दिनांक 23.01.2020 को जिले के सभी राजपत्रित थाना/चौकी प्रभारी एवं इकाई के समस्त शाखा प्रभारियों की मीटिंग ली गई। मीटिंग में सर्वप्रथम एडिशनल एसपी रायगढ़ अभिषेक वर्मा द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के संबंध में सभी को अवगत कराएं एवं निर्देशों का कडाई से पालन करने की हिदायत दिये।



तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सारंगढ़ अनुविभाग के थानों से गत वर्ष के पेंडिंग अपराध व चुनाव के पूर्व शांति व्यवस्था हेतु लघु अधिनियम/ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देशों के पालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा के साथ मीटिंग की शुरूवात किये। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त अधिकारियों को गत वर्ष की पेंडेंसी 10त्र से कम होने पर संतोष व्यक्त करते हुए बोले कि हमारा टारगेट जेड से कम पेंडेंसी रखने का था किंतु यह आंकड़ा भी संतोषजनक कहा जा सकता है परंतु लघु अधिनियम/प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कुछ थानों में कम है जिस पर उनके द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वारंटो की तामिली बढ़ाने तथा सीनियर सिटीजन की शिकायतों, महिला संबंधी अपराधों व शिकायतों की जांच में कोताही न बरतने के निर्देश के साथ सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने अधिनस्थ जवानों से समय-समय पर चर्चा कर उनकी व्यक्तिगत अथवा विभागीय समस्यों को सुनने एवं संज्ञान में लाने के लिए निर्देशित किये। उन्होंने थाना के कर्मचारियों एवं डायल 112 में कार्यरत आरक्षकों को ब्रीफ करने तथा इवेंट पर समय पर पहुंचकर पीडित की अधिक से अधिक मदद पहुंचाने एवं अनावश्यक विवाद में न पड़ने हेतु समझाईश देने के लिये बोले। मीटिंग में उपस्थित सभी राजपत्रित अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पूर्व पुनः सभी पोलिंग बूथ का भ्रमण कर आवश्यक कमी पूर्ति को दुरुस्त कराने एवं चुनाव में पर्याप्त बल एवं संसाधन की जांच कर अवगत कराने के निर्देशित किए तथा थाना/चौकी प्रभारियों को संवेदनशील पोलिंग बूथ एरिया में विशेष सावधानी बरतने के लिये कहा गया है। इसके साथ ही अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के मनाने एवं अपने अपने क्षेत्र के कार्यक्रम में आवश्यक एहतियातन सावधानी बरतने के दिशा निर्देश दिए हैं ।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री ने बेटियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटियों को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि यह दिन हमें नारी शक्ति की याद दिलाता है। आज ही के दिन हमें इंदिरा गांधी के रूप में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री मिली थी। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन आज भी लैंगिक भेदभाव और महिलाओं के प्रति अत्याचार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। श्री बघेल ने कहा कि आज समाज को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। बेटियों के सशक्तिकरण के साथ हमें आज उन्हें सुरक्षित और सहज माहौल देने की भी जरूरत है। जिससे वह घर-परिवार के साथ देश-प्रदेश की उन्नति में भी सहभागी बन सकें। बेटियों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, और सुरक्षित माहौल देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल वापस लौटे प्रवीण सोमानी ने मुख्यमंत्री बघेल से की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल वापस लौटे रायपुर के व्यवसायी श्री प्रवीण सोमानी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री सोमानी ने अपने परिवार के साथ आज सवेरे मुख्यमंत्री श्री बघेल से यहां उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। श्री सोमानी ने मुख्यमंत्री द्वारा इस कठिन दौर में उनकी सकुशल रिहाई के लिए की गई पहल के लिए मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री आनंद छाबड़ा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर श्री आरिफ शेख भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने श्री सोमानी की सकुशल रिहाई में छत्तीसगढ़ पुलिस को मिली सफलता के लिए पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

### ई-गर्वनेंस की पहल और सेवाओं की त्वरित प्रदायगी विषय पर कार्यशाला

**रायपुर।** मुख्य सचिव ने शासन के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं विभागाध्यक्षों को भारत सरकार के नेशनल ई-गर्वनेंस डिविजन द्वारा 24 जनवरी को सबेरे 10.30 बजे से एक बजे तक ई-गर्वनेंस एनिसिएटिव एण्ड प्रोएक्टिव सर्विस डिलीवरी विषय पर सिविल लाईन रायपुर स्थित नवीन सर्किट हाउस के कन्वेशन हाल में आयोजित कार्यशाला में शामिल होने के निर्देश दिए है। इसके अलावा दोपहर 1.30 बजे से 06 बजे तक उमंग एवं डिजि लॉकर विषय पर आयोजित कार्यशाला में विभाग प्रमुखों द्वारा नामांकित तकनीकी प्रभारियों ई-डीएम को शामिल होने कहा गया है। भारत सरकार के नेशनल ई-गर्वनेंस डिविजन द्वारा इंडिया इंटरप्राईजेस आर्किटेक्चर, यूनिफाईड मोबाईल एप्लीकेशन फॉर न्य एज गर्वनेंस एवं डिजिटल लॉकर विषयों पर तीन दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन चिप्स रायपुर द्वारा किया जा रहा है। आज 23 जनवरी को इंडिया इंटरप्राईजेस आर्किटेक्चर विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इन कार्यशालाओं के समन्वय के लिए श्री विकास गुप्ता को दायित्व सौंपा गया है। श्री विकास गुप्ता का मोबाइल नम्बर 098110 25256 है।

### नावा बेस्ट नार्र' अभियान का प्रभाव : सुदूर ग्राम बेचा में नवजात शिशुओं को दिए गए कंबल

#### » पहुंचविहीन गांव में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घर में कराया प्रसव

**रायपुर।** कोण्डागांव जिले में चल रहे 'नावा बेस्ट नार्र' अभियान का सुखद प्रभाव विगत दिवस विकासखण्ड कोण्डागांव के सुदूर ग्राम पंचायत बेचा में देखने को मिला। इसके अनुसार ग्राम खाले पारा निवासी एक ग्रामीण महिला द्वारा विगत 19 जनवरी को स्व-निवास में एएनएम तथा मितानिन की उपस्थिति में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया गया। यह महिला पूर्व से ही एनीमिया से ग्रस्त भी थी, ऐसे में जुड़वा बच्चों के जन्म होने पर बच्चे सामान्य से कमजोर हुए ऐसे में ग्रामीण रिवाज के अनुसार इन बच्चों को जन्म के पश्चात बाहर सुलाया गया।

## थाना परिसर से बगैर अनुमति ट्रेक्टर ले जाने वालों पर हुई कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला उडनदस्ता के खनिज अधिकारी अवधेश बारिक, माइनिंग इंस्पेक्टर राकेश वर्मा रायपुर के टीम के द्वारा दिनांक 22.01.2020 को करीब 15.15 बजे सिंघनपुर महानदी के पास रेत से लोड आयशर ट्रैक्टर क्रमांक सी.जी. 13 व्ही.ई. 6683 चालक चंद्रशेखर टंण्डन परसदा बडे एवं महेन्द्रा ट्रैक्टर क्रमांक सी.जी. 13 वाई 1490 चालक नारायण कठौतिया परसदा बडे एवं खाली ट्रैक्टर क्रमांक सी.जी. वाई 4727 चालक उमेश कुमार महिलांगे पर कार्यवाही कर लाकर कोसीर थाना परिसर में खडी कर थाना कोसीर के प्रधान आरक्षक लेखक 834 मनसूसाय पैकरा के सुपुर्द कर खनिज अधिकारी जा रहे थे। उसी समय घनश्याम मनहर सारंगढ, विष्णु चंद्रा कोसीर, लालबहादुर चंद्रा कोसीर एवं ट्रैक्टर चालाक उमेशकुमार महिलांगे अन्य 05-06 लोगो के साथ थाना परिसर आकर खनिज अधिकारियों को रोककर खाली ट्रैक्टर ऊपर कैसे कार्यवाही किये।

आपको खाली ट्रैक्टर छोडना पडेगा कहकर आवेश में आकर विवाद करने लगे जिन्हे पुलिस कर्मचारियों द्वारा समझाया जा रहा था इसी दौरान घनश्याम मनहर के द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 वाई 4727 के चालक उमेशकुमार महिलांगे को ले जाने के लिए बोलने पर उमेशकुमार महिलांगे द्वारा ट्रैक्टर को थाना कोसीर परिसर से पुलिस के कब्जे से बिना अनुमति के लेकर चला गया।

जिस पर आज दिनांक 23.01.2020 को घनश्याम मनहर सारंगढ, विष्णु चंद्रा कोसीर, लालबहादुर चंद्रा कोसीर एवं ट्रैक्टर चालाक उमेशकुमार महिलांगे अन्य 05-06 लोगो विरूद्ध अप.क्र. 13/2020 धारा 147, 341, 294, 447, 379 भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि हेतु विद्यार्थियों के लिए विकासखण्डवार

### » विशेष मार्गदर्शक कैम्प का आयोजन

**न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि हेतु विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शक कैम्प का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा है।**




कैम्प में शासकीय स्कूलों की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के ऐसे विद्यार्थियों सम्मिलित है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अपने विकासखण्ड में विषय विशेषज्ञों की टीम, जिसमें सभी विषय के व्याख्याता एवं प्राचार्य है। परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों का किस प्रकार हल करें, महत्वपूर्ण प्रश्न व याद करने की विधि आदि का मार्गदर्शन दे रहे है।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र श्रीवास्तव, सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती दीप्ति अग्रवाल एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल द्वारा विकासखण्ड पुसौर के कोड़ातराई, बड़ेभण्डार एवं महलोई कैम्प का निरीक्षण किया गया।

कैम्प में बच्चे परीक्षा से संबंधित दिए गए सुझावों से लाभान्वित हो रहे हैं। कैम्प में सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती दीप्ति अग्रवाल ने विज्ञान से संबंधित एवं दिनेश कुमार पटेल ने गणित से संबंधित टिप्स बच्चों को दिये।

## ओडिसा की ओर से मोटर सायकल पर कच्ची महुआ शराब लेकर आते व्यक्ति को डोंगरीपाली पुलिस ने पकड़ा

### » की मोटर सायकल व 400 पाऊच महुआ शराब करीब 80 लिटर जप्त



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी डोंगरीपाली सहायक उपनिरीक्षक गंगाराम भगत व हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 22/01/2020 को ग्राम कस्तुरामाल सोनबला जाने वाले कच्चे मार्ग पर ग्राम सोनबला थाना डोंगरीपाली के बलराम सिदार पिता शान्ति लाल सिदार उम्र 37 वर्ष को मोटर सायकल सुपर स्प्लेन्डर मोटर सायकल छ्त्र13स्र 7410 में एक जूट की बोरी में पाऊच वाली कच्ची महुआ शराब कांशीपाली उडिसा तरफ से अवैध बिक्री करने लेकर आते हुये पकड़े। आरोपी से 400 पाऊच कच्ची महुआ शराब जुमला 80 लीटर किमती करीबन 12,000 रूपये व उसकी मोटर सायकल जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शांति पूर्ण कराने हेतु अवैध शराब बिक्री व संग्रहण पर सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देशन सभी थाना/चौकी प्रभारियों को दिया गया है, जिस पर थाना प्रभारी डोंगरीपाली द्वारा मुखबिर लगाकर यह कार्यवाही की गई है। आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरीपाली में अप.क्र. 03/2020 धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 फरवरी को

### पक्षकारों के लिए निःशुल्क बस सेवा, चिकित्सा एवं भोजन की रहेगी सुविधा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के मार्गदर्शन में 8 फरवरी को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय रायगढ़ में किया जाएगा। इस अवसर पर न्यायालय में आने वाले सभी पक्षकारों के लिए निःशुल्क बस सेवा, चिकित्सा एवं भोजन की व्यवस्था की गई है।

8 फरवरी को मामले के पक्षकार न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियमित लम्बित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वसूली के प्रीलिटिगेशन मामले जैसे- बैंक, विद्युत, फाइनेन्स कंपनी, टेलीफोन, जलकर आदि से संबंधित मामलों को निराकरण हेतु पक्षकार संबंधित विभाग में लोक अदालत से पूर्व स्वयं उपस्थित होकर अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग एवं समन्वय से राजीनामा की कार्यवाही करा सकते है।

इसके अतिरिक्त पक्षकार राजीनामा योग्य दीवानी मामलों एवं पारिवारिक मामलों को भी प्रीलिटिगेशन वाद के रूप में प्रस्तुत कर निराकरण करा सकते हैं। समग्र यात्री जन कल्याण एवं सेवा समिति, रायगढ़ के तत्वाधान में समस्त बस आपरेटरों द्वारा जनहित में नेशनल लोक अदालत 08 फरवरी 2020 को एक दिन, राजीनामा हेतु न्यायालय में आने वाले पक्षकारों को लाने-ले जाने के लिये अपनी बसों की निःशुल्क सेवा दी जाएगी। जिसके लिए पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत हेतु जारी नोटिस के पृष्ठ भाग पर, फ्री बस सेवा की मुहर लगाकर, नोटिस जारी किया जा रहा है। जिला न्यायालय में राजीनामा हेतु आने वाले पक्षकार न्यायालयीन समन्स, नोटिस की प्रति बस संचालक, आपरेटरों को दिखाकर निःशुल्क बस सेवा की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालय परिसर में पक्षकारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। भारतीय स्टेट बैंक, रायगढ़ की ओर से पहल करते हुए, लोक अदालत के दिन न्यायालय में उपस्थित होने वाले सभी पक्षकारों को निःशुल्क भोजन पैकेट वितरण हेतु अपनी सहमति दी गई तथा यह भी बताया कि बैंक वसूली के राजीनामा मामलों में उनके बैंक की ओर से पक्षकारों को अधिक से अधिक छूट व रियायत दी जाएगी।

## चिरायु दल ने केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**न्याय साक्षी/रायगढ़ ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग के चिरायु दल द्वारा आज केन्द्रीय विद्यालय रायगढ़ के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों का ब्लडप्रेशर, शुगर, दांत एवं खून जांच कर बच्चों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई और उन्हें अपने शरीर को स्वच्छ रखने के उपाय बताए गए। चिरायु दल के द्वारा बच्चों को उचित परामर्श भी दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने पुलिस जवानों को दिया ईनाम

### » व्यवसायी की सकुशल वापसी करने वाली पुलिस टीम को मिलेगी एक-एक वेतन वृद्धि

### » उद्योगपति की सकुशल वापसी पर मुख्यमंत्री ने राज्यों की संयुक्त पुलिस टीम की

### » प्रशंसा की और उनका मनोबल बढ़ाया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में रायपुर के व्यवसायी श्री प्रवीण सोमानी के सकुशल वापसी और आरोपियों की गिरफ्तारी पर टीम में शामिल छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया और पुलिस की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई भी दी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस मौके पर टीम के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सफलता की विशेष रूप से सराहना की और टीम में शामिल छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के एक-एक वेतन वृद्धि की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में व्यवसायी श्री सोमानी के अपहरण की घटना को तत्काल गंभीरता से लिया गया और शासन-प्रशासन सहित पुलिस बल द्वारा उसके सकुशल वापसी के लिए हर आवश्यक पहल की गई। उन्होंने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से श्री सोमानी की सकुशल वापसी और आरोपियों की गिरफ्तारी पर गठित टीम के पुलिस बलों के कुशल रणनीति, साहस तथा कार्यकुशलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी कुशल रणनीति के फलस्वरूप ही अपहृत व्यवसायी को छुड़ाने में सफलता मिली। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिसा, बिहार, गुजरात आदि राज्यों के पुलिस बलों से मिले सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पुलिस की छवि पहले से बेहतर हुई है। यहां अब तत्परता और कुशलता से हो रही हर कार्रवाई के कारण अपराधियों के मन में भय पैदा हुआ है और इससे अपराधों की रोकथाम में मदद मिल रही है। साथ ही शांति तथा कानून व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है।

## मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार को 4140 करोड़ रूपए की खनिज रॉयल्टी देने लिखा पत्र

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में संचालित कोयला खदानों से निकाले गये कोयले की 4140.21 करोड़ रूपये एडिशनल लेवी की राशि यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय कोयला खान एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री प्रहलाद जोशी को भेजे गये पत्र में भारतीय संविधान में उल्लेखित प्रावधानों, खनिज अधिनियम और माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस संबंध में पारित आदेश अनुसार खनिज पर राज्य सरकार के स्वामित्व होने तथा खनिजों पर राज्य सरकार द्वारा रॉयल्टी, लेव्ही एवं अन्य कर वसूलने के प्रावधान का उल्लेख करते हुए राज्य हित में एडिशनल लेव्ही की राशि लगभग चार हजार 140.61 करोड़ रूपये राज्य हित में यथाशीघ्र राज्य सरकार को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित कोल ब्लॉक से निकाले गये और निकाले जाने वाले कोयले की एडिशनल रॉयल्टी की राशि को राज्य सरकार को देय होना चाहिए संबंधी पारित आदेश का भी उल्लेख किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार को रॉयल्टी देने के संबंध में कोयला मंत्रालय भारत सरकार को पिछले पांच सालों में भेजे गये पत्रों का भी उल्लेख किया है।

इनमें जायसवाल निको लिमिटेड द्वारा 112.35 करोड़ रूपये, जिंदल पावर लिमिटेड द्वारा 1185.20 करोड़ रूपये, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा 2082.23 करोड़ रूपये, मोनेट इस्पात लिमिटेड द्वारा 238.09 करोड़ रूपये, प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा 234.22 करोड़ रूपये, आरएपीएल (सारडा एनर्जी लिमिटेड) 142.63 करोड़ रूपये और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा 145.49 करोड़ रूपये की एडिशनल लेव्ही जमा की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480